समाचार

# निगम के वार्डो में पहुंच रही प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की टीम

(पार्षदों, नागरिकों से चर्चा कर बता रही योजना का लाभ, लोगों के घरों में योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लगवाने हेतु कर रही कार्यवाही)

(आयुक्त श्री आशुतोष पांडे ने आदेश जारी कर अधिकारी कर्मचारियों की वार्डबार तैनाती की थी , योजना के सफल क्रियान्वयन के दिए थे निर्देश)




कोरबा 29 जनवरी 2026 – नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड एवं बस्तियों में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के क्रियान्वयन हेतु निगम के अधिकारी कर्मचारियों की टीम 27 जनवरी से वार्डो में पहुंच रही है तथा पार्षदों व नागरिकों से चर्चा कर उन्हें प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के लाभो की जानकारी देते हुए घरों में सोलर पैनल लगाने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करते हुए इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही कर रही है । आयुक्त श्री आशुतोष पांडे ने आदेश

जारी कर इस विशेष अभियान हेतु अधिकारी कर्मचारियों की वार्डबार तैनाती की थी तथा योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु पूरी इच्छा शक्ति के साथ कार्य करने के निर्देश उन्हें दिए थे।

यहा उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की महती योजना प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का क्रियान्वयन फरवरी 2024 में आम जनता के हित में किया गया था , जनहित में लागू की गई यह योजना आवासीय परिसरो,घरों में रूफ टॉप सोलर पैनल सयंत्र स्थापित कर उपभोक्ताओं को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, इसके माध्यम से उपभोक्ता न केवल अपने घरेलू बिजली आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकेंगे बल्कि अतिरिक्त विद्युत को ग्रिड में प्रवाहित कर आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर पाएंगे, यह पहल हर घर को ऊर्जा उत्पादक बनाने, बिजली हेतु आत्मनिर्भर करने तथा बिजली बिल के भार से मुक्त होने व इससे अतिरिक्त आय अर्जित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा । मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में राज्य सरकार इस योजना के सफल क्रियान्वयन तथा इसका अधिकाधिक लाभ आम नागरिकों को पहुचाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। राज्य शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के क्रियान्वयन हेतु निगम पूरी इच्छा शक्ति के साथ कार्य कर रहा है, इसी कड़ी में अब निगम के अधिकारी कर्मचारियों की टीम 27 जनवरी से वार्ड व बस्तियों में पहुंच रही है तथा वार्ड के पार्षद , नागरिकों व विद्युत विभाग के अधिकारियों के समन्वय से योजना के सफल क्रियांवयन हेतु विशेष अभियान संचालित कर रही है, एवं शिविर लगा रही है ।आयुक्त श्री आशुतोष पांडे ने आदेश जारी कर इस हेतु वार्डबार अधिकारी कर्मचारियों की तैनाती की है। वार्डों में लगाए जाने वाले शिविरों हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 जनवरी को वार्ड क्रमांक 3, 43 एवं 28 जनवरी को वार्ड क्रमांक 2, 6, 37, 51, 61 में टीम ने पहुंचकर शिविर लगाया तथा योजना क्रियान्वयन की कार्यवाही की। इसी प्रकार 29 जनवरी को वार्ड क्रमांक 1, 30 , 39, 63 तथा 30 जनवरी को वार्ड क्रमांक 5 में यह टीम पहुंचेगी एवं योजना के क्रियान्वयन हेतु अभियान संचालित करेगी। इसी प्रकार अन्य वार्डो में भी निर्धारित तिथियां में टीम जाएगी तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन हेतु अभियान संचालित करेगी।

**बिजली बिल के भार से मुक्त हुआ –** नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 2 के निवासी श्री संजीव सोना ने बताया कि इसी दिसंबर माह में मैंने अपने घर में 3 किलोवाट का सोलर पैनल प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत लगवाया था, इस योजना में केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाली सब्सिडी 78000 एवं राज्य सरकार की सब्सिडी 30000 रुपए कुल सब्सिडी 108000 रुपये मेरे खाते में जमा हो चुकी है। उन्होंने बताया कि मैंने एक माह में बिजली विभाग से 233 यूनिट बिजली ली, जबकि घर में लगवाए गए सोलर पैनल के माध्यम से 217 यूनिट बिजली ग्रिड में दी, इस प्रकार इस माह केवल 6 यूनिट का बिजली बिल ही आया है, अगले माह में मेरा बिजली बिल शून्य हो जाएगा। उन्होंने अन्य लोगों से भी अपील की है कि वे भी अपने घरों में सोलर पैनल जरूर लगाए तथा इस योजना का लाभ प्राप्त करते हुए बिजली बिल के भार से मुक्त हो जाए ।